प्रेस विज्ञप्ति

बिहार पुलिस मुख्यालय

दिनांक–27.02.2023 (सं0–131)

बिहार पुलिस की इकाई विशेष कार्य बल (STF) के द्वारा इनामी कुख्यात अपराधकर्मी की चंडीगढ़ से गिरफ्तारी

- दिनांक–25.02.2023 को बिहार पुलिस की इकाई विशेष कार्य बल (STF) के द्वारा बेगूसराय पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में 50 हजार रुपये के घोषित इनामी अपराधी बुग्गी ठाकुर उर्फ पवन ठाकुर को चंडीगढ़ के मोहाली से गिरफ्तार किया गया है।
- बुग्गी ठाकुर उर्फ पवन ठाकुर परना पंचायत के मुखिया वीरेन्द्र शर्मा की हत्या, बेगूसराय सिघौल के रौशन कुमार एवं विकास कुमार के दोहरे हत्याकाण्ड सहित रंगदारी के कई काण्डों में वांछित था।

गिरफ्तारी :–

1. बुग्गी ठाकुर उर्फ पवन ठाकुर, पे0–चौधरी ठाकुर, सा0–बाघी थाना–लोहियानगर, जिला–बेगूसराय।

आपराधिक इतिहास –

- गिरफ्तार अपराधकर्मी बेगूसराय नगर थाना के 05 गम्भीर शीर्ष के काण्डो में यथा हत्या, रंगदारी, आर्म्स एक्ट इत्यादि में वांछित/आरोपित था।

<u>xxxxxxxxx</u>